# UNSC के नए गैर-स्थायी सदस्य

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

हाल ही में पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, ग्रीस और पनामा को **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UN Security Council)** के **गैर-स्थायी सदस्य** के रूप में चुना गया है, जिनका 2 वर्ष का कार्यकाल 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2026 तक होगा।

## UNSC में नए सदस्यों का चुनाव कैसे किया जाता है?

- **चुनाव प्रक्रिया और क्षेत्रीय समूह**
  - संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीटों के लिये चुनाव प्रक्रिया में क्षेत्रीय समूह उम्मीदवारों को नामित करते हैं। **चार क्षेत्रीय समूह हैं।**
  - नव निर्वाचित सदस्य **अफ्रीकी समूह के लिये सोमालिया, एशिया-प्रशांत समूह के लिये पाकिस्तान, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन समूह के लिये पनामा, पश्चिमी यूरोपीय एवं अन्य समूह के लिये डेनमार्क व ग्रीस** हैं।
  - प्रत्येक **क्षेत्रीय समूह आम तौर** पर दो साल के कार्यकाल के लिये **महासभा** में प्रस्तुत करने के लिये उम्मीदवारों पर सहमत होता है।
  - इस प्रक्रिया का उद्देश्य सुरक्षा परिषद के भीतर क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है, जो वैश्विक भू-राजनीतिक विविधता और हितों को दर्शाता है।
- **वर्तमान और नए सदस्य:** नए सदस्य **मोजाम्बिक, जापान, इक्वाडोर, माल्टा और स्विट्ज़रलैंड** जैसे निवर्तमान देशों की जगह लेंगे।
- **सुरक्षा परिषद की भूमिका और चुनौतियाँ: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतर्राष्ट्रीय शांति** और **सुरक्षा** बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
  - हालाँकि, इसके स्थायी सदस्यों की **वीटो शक्ति** के कारण इसकी प्रभावशीलता में बाधा आ सकती है।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद क्या है?

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** के तहत **1945 में** स्थापित, **संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।**
- **UNSC में सदस्यों की संख्या 15 हैं: 5 स्थायी सदस्य (P5) और 10 गैर-स्थायी सदस्य 2 वर्ष की अवधि के लिये चुने जाते हैं।**
  - 5 **स्थायी सदस्य** हैं: संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम।
  - **ओपेनहेम के अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार: संयुक्त राष्ट्र, "**द्वितीय विश्व युद्ध **के बाद उनके महत्त्व के आधार पर पाँच राज्यों को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता प्रदान की गई।"**
- सुरक्षा परिषद में भारत की भागीदारी 1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 और 2021-22 की अवधि के दौरान एक गैर-स्थायी सदस्य के रूप में रही है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UN Security Council-UNSC)

*संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने का उत्तरदायित्व UNSC में*

**परिचय**

- संयुक्त राष्ट्र के **6 प्रमुख अंगों में से एक; संयुक्त राष्ट्र चार्टर** द्वारा **1945 में स्थापित**

**मुख्यालय**

- न्यूयॉर्क सिटी

**पहला सत्र**

- **17** जनवरी, **1946** को चर्च हाउस, वेस्टमिंस्टर, **लंदन** में

**सदस्यता**

- 15 सदस्य- **5** स्थायी सदस्य **(P5)**, **10 गैर-स्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल** के लिये चुने गए (प्रत्येक वर्ष **5** का चुनाव किया जाता है)
- **P5- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्राँस और चीन**

**UNSC की अध्यक्षता**

- **15** सदस्यों के बीच **प्रत्येक माह बारी-बारी से**
- वर्ष **2022** के लिये **भारत की अध्यक्षता-दिसंबर**

**मतदान शक्तियाँ**

- **1** सदस्य = **1** मत/वोट
- **P5** देशों को वीटो शक्ति प्राप्त है वीटो पावर है
- **UN** के ऐसे सदस्य जो **UNSC** के सदस्य नहीं हैं, **मतदान के अधिकार के बिना** इसके सत्र में भाग लेते हैं

**UNSC समितियाँ/प्रस्ताव**

- **आतंकवाद:**
  - **संकल्प 1373** (आतंकवाद रोधी समिति)
  - **संकल्प 1267** (दाएश और अल कायदा समिति)
- **अप्रसार समिति:**
  - **संकल्प 1540** (परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के विरुद्ध)

**भारत और UNSC**

- **गैर-स्थायी सदस्य के रूप में 7 बार सेवा; 2021-22** में **8**वीं बार चुना गया; **स्थायी सीट की मांग**
- **स्थायी सीट के लिये तर्क:**
  - **43 शांति मिशन**
  - **मानवाधिकार घोषणा (UDHR)** को तैयार करने में सक्रिय भागीदारी
  - भारत की **जनसंख्या, क्षेत्रीय आकार, सकल घरेलू उत्पाद, आर्थिक क्षमता, सांस्कृतिक विविधता, राजनीतिक प्रणाली** आदि।


**G4**- चार देशों (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) का समूह जो UNSC में स्थायी सीटों के लिये एक-दूसरे की दावेदारी का समर्थन कर रहे हैं

**"मतैक्य के लिये मिलकर काम करना" आंदोलन (Uniting for Consensus-UfC Movement)**

- अनौपचारिक रूप से इसे कॉफी क्लब के रूप में जाना जाता है
- देश UNSC स्थायी सीटों के विस्तार का विरोध करते हैं
- समूह के प्रमुख देश-इटली, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना और पाकिस्तान
- इटली और स्पेन जर्मनी की दावेदारी का; पाकिस्तान- भारत की दावेदारी का; अर्जेंटीना-ब्राजील की दावेदारी का और ऑस्ट्रेलिया-जापान की दावेदारी का विरोध कर रहे हैं

**United Nations Security Council**

Composition through 2022




UN | ¹ until December 31, 2022 | ² until December 31, 2023

**UNSC के समक्ष बड़ी चुनौतियाँ**

- संयुक्त राष्ट्र के सामान्य नियम UNSC विचार-विमर्शों पर लागू नहीं होते हैं; बैठकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया है
- UNSC में पावरप्ले; P5 की अराजकतावादी वीटो शक्तियाँ
- P5 के बीच गहन ध्रुवीकरण; लगातार मतभेद प्रमुख निर्णयों को अवरुद्ध करता है
- विश्व के कई क्षेत्रों का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व

//

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**□□□□□□□□□□□:**

**प्रश्न. UN की सुरक्षा परषिद में 5 स्थायी सदस्य होते हैं और शेष 10 सदस्यों का चुनाव कतिनी अवधकि के लयि महासभा द्वारा कयिा जाता है? (2009)**

(a) 1 वर्ष

(b) 2 वर्ष
(c) 3 वर्ष
(d) 5 वर्ष

**उत्तर: (b)**

---

***?????:***

**प्रश्न. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट प्राप्त करने में भारत के सामने आने वाली बाधाओं पर चर्चा कीजिये। (2015)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-non-permanent-members-of-unsc